कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री चेतन कुमार सैनी निवासी 32, बाजाली धाम, सैनी मार्केट, 60 फीट रोड, पालडी मीना, आगरा रोड, जयपुर राजस्थान– 302031

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 39/2026

निर्णय दिनांक 16.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लवाण को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2026/859 दिनांक 16.03.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लवाण ने पत्र क्रमांकः आरटीआई/2026/262 दिनांक 27.03.2026 के द्वारा वांछित सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा